

## पैराल पर रिहा हुआ
# हत्यारोपी था देवगढ़ में मिला अज्ञात मृतक

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 13 अक्टूबर।** देवगढ़ थाना क्षेत्र में 10 अक्टूबर को बीहड़ में मृत मिले युवक की पहचान आगरा जिले के फतेहाबाद के ग्राम प्रतापपुरा निवासी विशाल 23 पुत्र विलियम शर्मा के रूप में हो गई है। मृतक हत्या के मामले में आरोपी था, बताया जा रहा है कि कुछ दिनों पहले ही जेल से पैरोल पर रिहा हुआ था। सूचना मिलने के बाद मृतक के परिजन सोमवार को मुरैना पहुंच गए। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करानें के बाद परिजन के सुपुर्द कर दिया है। मृतक के परिजन ने उसकी हत्या की आशंका जताई है।

**10 अक्टूबर को पुलिस ने बीहड़ से किया था बरामद**




यहां बता दें कि देवगढ़ थाना पुलिस ने 10 अक्टूबर को चंबल नदी के बीहड़ से एक युवक का शव बरामद किया था। मृतक के शरीर पर कपड़े के नाम पर महज अंडरवियर मिली थी। मृतक की शिनाख्त के लिए पुलिस ने सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म्स पर उसके फोटो अपलोड किए थे। 12 अक्टूबर को अज्ञात व्यक्ति ने देवगढ़ पुलिस को फोन पर सूचना देकर बताया कि मृतक फतेहाबाद का रहने वाला विशाल शर्मा है। जिसके बाद पुलिस ने मृतक विशाल के परिजन से संपर्क किया। परिजन ने फोटो देखने के लिए विशाल के रूप में उसकी पहचान की। सोमवार को परिजन जब मुरैना पहुंचें तब पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। पुलिस ने शव परिजन के सुपुर्द कर मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

**6 अक्टूबर को घर से निकला था मृतक विशाल :** सोमवार को मुरैना पहुंचें परिजन ने बताया कि मृतक विशाल 6 अक्टूबर को घर से निकला था। चूंकि विशाल आवारा प्रवृत्ति का था, इसलिए दो दिन तक घर नहीं पहुंचा तो परिजन ने चिंता नहीं की। बकौल परिजन 8 अक्टूबर तक उनकी विशाल से फोन पर बातचीत भी हुई थी। 8 अक्टूबर को परिजन ने विशाल से वीडियो कॉल करने को कहा था, जिसके बाद से ही उसका मोबाइल फोन स्विच ऑफ हो गया था।

**हत्या व मारपीट के तीन मामलों में नामजद था मृतक**

देवगढ़ थाना प्रभारी एसआई जयपाल सिंह गुर्जर ने बताया कि मृतक विशाल के विरुद्ध फतेहाबाद थाने में हत्या की धाराओं में एक एवं मारपीट की धाराओं में दो अपराध पंजीबद्ध है। बताया जा रहा है कि हत्या के केस में विशाल कुछ दिनों पहले ही जेल से रिहा हुआ था।

# मटर का बीज लेने जा रहे किसान की सड़क हादसे में मौत

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 13 अक्टूबर।** मटर का बीज खरीदने के लिए राजस्थान गए जौरा क्षेत्र के मुंद्रावजा गांव के एक किसान की सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसा धौलपुर जिले के अंतर्गत सुआ का बाग के पास होना बताया जा रहा है।

**राजस्थान के धौलपुर जिले में सुआ का बाग के पास हुआ हादसा**



जानकारी के अनुसार जौरा तहसील के ग्राम मुंद्रावजा निवासी किसान प्रकाश कुशवाह 40 पुत्र सूखाराम कुशवाह अपने खेत में मटर उगाने के लिए बीज खरीदने बाइक लेकर राजस्थान जाने को घर से निकले थे। बताया जा रहा है कि जब किसान प्रकाश कुशवाह बाइक पर सवार होकर धौलपुर जिले में सुआ का बाग के पास से गुजर रहा था। तभी उसकी बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। गंभीर हालत में प्रकाश को धौलपुर अस्पताल से ग्वालियर रैफर किया गया था। परिजन जब उसे ग्वालियर ले जा रहे थे, तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई। जिसके बाद परिजन प्रकाश के शव को मुरैना जिला अस्पताल लेकर पहुंचें। यहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रकाश के शव का मुरैना में पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस ने परिजन को सौंप दिया है। मुरैना पुलिस द्वारा केस डायरी संबंधित पुलिस थाने को भेजी जाएगी।

# एसआई अतुल व आरक्षक भूपेन्द्र पर मर्डर का केस दर्ज हो

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 13 अक्टूबर।** विगत 1 अक्टूबर को नूराबाद क्षेत्र में सांक नदी में डूबकर जान गंवाने वाले चौखूंटी गांव के भारत मावई के परिजन ने सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय का घेराव करते हुए प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद उनके द्वारा एसपी को ज्ञापन दिया गया। जिसमें मृतक भारत मावई की मौत के लिए तत्कालीन थाना प्रभारी एसआई अतुल सिंह परिहार एवं आरक्षक भूपेन्द्र सिंह को जिम्मेदार बताते हुए उनके विरुद्ध मर्डर की धाराओं में एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई है।

**सांक नदी में डूबकर मरे युवक के परिजन ने घेरा एसपी बंगला, दिया ज्ञापन**



एसपी समीर सौरभ को सौंपे गए ज्ञापन में मुकेश पुत्र औतार सिंह गुर्जर नि. ग्राम दौनारी थाना बागचीनी ने बताया कि 1 अक्टूबर को मुकेश सहित संजीव घुरैया, आकाश उर्फ अक्कू गुर्जर और भारत सिंह पुत्र दशरथ सिंह मावई नि. चौखूंटी अपने रिश्तेदार गौरव पुत्र रामबटोई नि. नूराबाद के घर पहुंचें थे। दोपहर करीब 3 बजे नूराबाद थाने के एसआई अतुल सिंह परिहार, आरक्षक भूपेन्द्र सिंह वहां पहुंचें और गालियां देना शुरू कर दिया। विरोध करने पर उनके द्वारा भारत मावई की मारपीट करने के बाद उसे धक्का देकर सांक नदी में गिरा दिया और वहां से भाग निकले। नदी में डूबे भारत का शव 2 अक्टूबर को गोताखोरों ने पानी से बाहर निकाला था। ज्ञापन में परिजन ने एसआई अतुल सिंह और आरक्षक पर भारत मावई की हत्या किए जाने के आरोप लगाते हुए उनके विरुद्ध हत्या किए जाने की धाराओं में एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई है।

# परिवार की रोशनी और समाज की शक्ति होती हैं बेटियां

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 13 अक्टूबर।** अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर शहीद बिस्मिल शिक्षा सेवा संस्थान के तत्वावधान में बेटियों के लिए प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा, स्किल और संकल्प के साथ समाज को आगे ले जाने, बेटियों को नेतृत्व के लिए प्रोत्साहित किया गया। बेटियां समाज का आधार विषय पर शैक्षिक संवाद कार्यक्रम भी हुआ।

**अंर्तराष्ट्रीय बालिका दिवस पर हुआ कार्यक्रम का आयोजन**



जिसमें शिक्षक, समाजसेवी, अभिभावकों एवं छात्रों ने बेटियों के सम्मान, स्वाभिमान की रक्षा का संकल्प लिया। बतौर मुख्य वक्ता बिस्मिल फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. नरेश सिंह सिकरवार ने कहा कि बेटियां परिवार की रोशनी और समाज की शक्ति हैं।

केवल घर की नहीं, पूरे समाज की ताकत हैं। जब हम बेटियों को शिक्षा का अधिकार और समान अवसर देते हैं, तब हम एक सशक्त, संवेदनशील और विकसित समाज की नींव रखते हैं। एक शिक्षित बेटी न केवल अपना जीवन संवारती है, बल्कि वह अपने परिवारए समाज और आने वाली पीढ़ियों को भी दिशा देती है। बेटियों को पढ़ाओ-आगे बढ़ाओ तभी देश खुशहाल होगा।

इस अवसर पर विनोद सिकरवार, राजेन्द्र शर्मा, रामबरन शर्मा, जितेंद्र सिकरवार, रश्मि अग्निहोत्री, ज्योति, शिवराज जालौन, कुबेर खरे, मनमोहन, गिरीश शर्मा, रवि राजपूत, भारत सिंह, रामलखन आदि मौजूद रहे।



# मप्र शिक्षक संघ का डेलीगेशन आज कलेक्टर को देगा ज्ञापन

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 13 अक्टूबर।** मप्र शिक्षक संघ की बैठक का आयोजन रविवार को डाइट परिसर में हुआ। इस बैठक में शिक्षकों की लंबित समस्याओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। चर्चा उपरांत तय हुआ कि समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर आज 14 अक्टूबर की शाम साढ़े चार बजे मप्र शिक्षक संघ का डेलीगेशन कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेगा।

डाइट परिसर में हुई बैठक की

**रविवार को संपन्न हुई संगठन की बैठक में लिया गया निर्णय**

अध्यक्षता संगठन के जिलाध्यक्ष पवन सिंह परिहार ने की। बैठक में शिक्षकों की समस्याओं सहित अन्य बिंदुओं को लेकर चर्चा की गई। इस बैठक में श्यामवीर सिंह राठौड़, रामबरन सिकरवार, रामअवतार सिंह सिकरवार, राघवेन्द्र धाकरे, जितेन्द्र शर्मा, अरविंद सिकरवार, थानसिंह सिकरवार, देवेन्द्र सिकरवार, राजेश गुर्जर, सीडी पिप्पल, संजय दीक्षित, मनोज शर्मा, जितेन्द्र सिकरवार, विनोद गुप्ता, जितेन्द्र यादव, वीरेन्द्र तिवारी, रामसहाय टुंडेलकर आदि उपस्थित थे।

# स्लीपर कोच बस से यात्री का जेवरातों से भरा ट्रॉली बैग चोरी

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 13 अक्टूबर।** स्लीपर कोच बस में दिल्ली से मुरैना आ रहे एक यात्री का डिग्गी में रखा ट्रॉली बैग चोरी हो गया। बैग में सोने-चांदी के जेवरात, 2 हजार नकदी समेत ढाई लाख रूपये का माल रखा हुआ था। पीड़ित यात्री ने सिटी कोतवाली पुलिस को शिकायत की है, उसके द्वारा स्लीपर कोच बस के कंडक्टर पर बैग चोरी करने का संदेह जताया गया है।

**दिल्ली से बानमोर आने के लिए हुए थे सवार, मुरैना आने पर पता चला**



जानकारी के अनुसार बानमोर कस्बे में पुलिस थाने के सामने रहने वाला संदीप राठौर 28 पुत्र हाकिम सिंह राठौर करीब 9 माह पहले संदीप, पत्नी रानी राठौर(26), पुत्री नायशा (3) और पुत्र बिवान (9 माह) के साथ काम की तलाश में दिल्ली गया था। संदीप दिल्ली में रैपिडो राइडर का काम किया करता था। 12 अक्टूबर की रात करीब साढ़े ग्यारह बजे संदीप, पत्नी एवं बच्चों के साथ बानमोर आने के लिए स्लीपर कोच बस में सवार हुआ।

13 अक्टूबर की सुबह करीब पांच बजे बस मुरैना पहुंचीं, यहां कंडक्टर ने उन्हें बानमोर के लिए दूसरी बस में बैठाने की बात कही, बस से उतरने के बाद संदीप और उसकी पत्नी रानी डिग्गी में रखे अपने ट्रॉली बैग और एक अन्य बैग को लेने पहुंचें तो डिग्गी से उनका ट्रॉली बैग गायब था।

जिसे लेकर उन्होंने बस कंडक्टर से शिकायत की। लेकिन कंडक्टर बैग गुम होने के बारे में कुछ नहीं बता सका। कंडक्टर आकाश पुत्र बदन सिंह गुर्जर नि. गोरमी जिला भिंड को साथ लेकर संदीप और उसकी पत्नी रानी राठौर सिटी कोतवाली पहुंचें और पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने संदीप के शिकायती आवेदन की जांच शुरू कर दी है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस ने अपराध दर्ज नहीं किया था।

**बैग में रखा था सोने-चांदी के जेवरातों समेत 2.5 लाख का माल**

पीड़ित संदीप राठौर की पत्नी रानी राठौर के अनुसार स्लीपर कोच बस से चोरी हुए उनके ट्रॉली बैग में सोने-चांदी के जेवरात रखे थे। जिनमें एक तोला वजनी सोने का मंगलसूत्र, कान के टॉप्स, दो जोड़ी चांदी की पायल, एक जोड़ी चांदी के कड़े, चांदी की 4 अंगूठियां शामिल थे। बैग में नकदी 2 हजार रूपये भी रखे हुए थे।

# टेलरी मंदिर चोरी का खुलासा : 4 पकड़े, बोलेरो-पीतल के घंटे जब्त

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 13 अक्टूबर।** शनिवार-रविवार की रात को रामपुरकलां क्षेत्र के टेलरी गांव स्थित प्राचीन मंदिर से पीतल के घंटों को चुराने वाले 4 बदमाशों को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सोमवार को दबोच लिया। पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से पीतल के 40 किग्रा वजनी घंटों के साथ घटना में प्रयुक्त बोलेरो जीप बरामद कर ली है।

**11 अक्टूबर की रात को रामपुरकलां क्षेत्र में हुई थी घटना**





जानकारी के अनुसार टेलरी गांव के पंच रामसुरेश रावत पुत्र श्रीधर रावत ने 12 अक्टूबर को रामपुरकलां थाने में टेलरी गांव में पहाड़ी के ऊपर बने मंदिर से घंटे चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी। अपराध दर्ज करने के बाद थाना प्रभारी एसआई राममंत्र गुप्ता फोर्स के साथ बदमाशों की पतारसी में जुट गए। इसी दौरान पुलिस ने जुगतीपुरा गांव के बस स्टैंड से 4 बदमाशों को पकड़ा। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम रघुराज कुशवाह निवासी लोंगट बागचीनी, सुनील कुशवाह नि. बाल्हेरा कैलारस, धीरसिंह कुशवाह नि. चिन्नौनी करैरा बागचीनी और अतिल सिंह राठौर नि. जौरीगांव मुरैना बताए। उनके कब्जे से पुलिस ने मंदिर से चुराए गए 40 किग्रा वजनी पीतल के घंटों समेत वारदात में प्रयुक्त बोलेरो जीप और लोहे का प्लास, कटर जब्त किए। कार्रवाई में एसआई राममंत्र गुप्ता, एएसआई आरके वर्मा, प्र.आर. संतोष बाथम, आर. प्रहलाद सिंह, रजनेश यादव, मानवेंद्र सिंह, प्रकाश, समीर शामिल थे।

**रामपुरकलां क्षेत्र में गोलगप्पे बेचता था धीर सिंह**

रामपुरकलां थाना प्रभारी एसआई राममंत्र गुप्ता ने बताया कि चोरी की वारदात में शामिल धीर सिंह कुशवाह कुछ महीने पहले तक रामपुरकलां क्षेत्र में गोलगप्पे बेचने का काम करता था। इसी दौरान उसने टेलरी गांव की पहाड़ी पर बने इस मंदिर को देखा था।

# चित्रकूट मिष्ठान भंडार से मावा, पेड़ा व बरफी के लिए नमूने



**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 13 अक्टूबर।** एसडीएम मुरैना भूपेन्द्र सिंह कुशवाह के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने सोमवार की शाम को शहर के बैरियर चौराहा क्षेत्र में स्थित चित्रकूट मिष्ठान्न भंडार पर सैंपलिंग की कार्रवाई की। फूड सेफ्टी ऑफिसर अवनीश गुप्ता ने प्रतिष्ठान पर मिठाईयों के निर्माण के इंतजाम सहित साफ-सफाई को देखा। कार्रवाई के दौरान प्रतिष्ठान से मावा पेड़ा और मावा बरफी के सैंपल कलेक्ट किए गए। इन सैंपलों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जा रहा है।

**जौरा में बन रहा था सिंथेटिक मिल्ककेक, 4 नमूने लिए गए**



खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनिल प्रताप सिंह परिहार, महेन्द्र सिरोहिया की टीम ने सोमवार की शाम को जौरा कस्बे में कार्रवाई की। उनके द्वारा कस्बे की पुरानी सब्जी मंडी क्षेत्र में नर्सरी रोड पर स्थित प्रोपराईटर छोटू पाल के प्रतिष्ठान खाटूश्याम मिष्ठान्न भंडार पर छापा मारा। टीम ने यहां सिंथेटिक मिल्क केक का निर्माण होना पाया। यहां से मिल्ककेक, स्किम्ड मिल्क पाऊडर, रिफाइंड सोयाबिन ऑइल समेत कुल 4 नमूने लिए। सभी नमूनों को जांच के लिए भेजा जा रहा है।

### डिस्ट्रिक्ट आर्म्स रेसलिंग : आर्यन को मिले सिल्वर-ब्रॉन्ज मेडल

**मुरैना, 13 अक्टूबर।** बीते रोज ग्वालियर में संपन्न हुई 33 वीं डिस्ट्रिक्ट लेवल आर्म्स रेसलिंग चैंपियनशिप में मुरैना के आर्यन सक्सैना ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लेफ्ट हैंड केटेगरी में सिल्वर और राइट हैंड केटेगरी में ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त कर मुरैना का नाम रोशन किया है। सिल्वर एवं ब्रॉन्ज मेडल हासिल करने पर आर्म्स रेसलर आर्यन सक्सैना ने कहा है कि उनका लक्ष्य माता-पिता और कोच के साथ मुरैना के नाम को राष्ट्रीय क्षितिज पर रोशन करना है। कोच मनीष कुमार शर्मा ने आर्यन की इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं है। यहां बताना होगा कि बिरलानगर ग्वालियर में संपन्न हुई इस प्रतियोगिता में प्रदेशभर के 300 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में विजेता रहने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया गया।



### रोटरी के स्मार्ट बूथ पर दूसरे दिन 115 बच्चों को पिलाई पोलियो दवा

**मुरैना।** पल्स पोलियो अभियान के तहत समाजसेवी संस्था रोटरी क्लब चंबल द्वारा शहर में एमएस रोड पर अमर शहीद पं. रामप्रसाद विस्मिल संग्रहालय के सामने स्मार्ट बूथ लगाया गया है। इस स्मार्ट बूथ का उद्घाटन रोटरी डिस्ट्रिक्ट- 3053 की प्रान्तपाल डॉ. निशा सिंह शेखावत, सीएसपी श्रीमती दीपाली चंदोरिया ने फीता काटकर किया। उनके द्वारा बच्चों को पोलियो की दवा भी पिलाई गई। बूथ पर दवा पीने आए सभी बच्चों को क्लब के सदस्यों ने चॉकलेट भेंट की। अभियान के दूसरे दिन सोमवार को स्मार्ट बूथ पर 115 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। स्मार्ट बूथ पर दवा पिलाने का अभियान आज 14 अक्टूबर को भी जारी रहेगा।



# लोकसेवा कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी : कलेक्टर

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 13 अक्टूबर।** जनसेवा से संबंधित सभी कार्यों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। अधिकारी पब्लिक सर्विस डिलीवरी को सर्वोच्च प्राथमिकता दें, क्योंकि प्रशासन की विश्वसनीयता जनसामान्य तक पहुंचने वाली सेवाओं की गुणवत्ता से ही आंकी जाती है।




कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ ने सोमवार को आयोजित टीएल बैठक में जिले के समस्त प्रशासनिक अधिकारियों को यह निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले की सभी जनपद एवं तहसीलों में ई-ऑफिस प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन को स्कैनर की व्यवस्था शीघ्र सुनिश्चित की जाए तथा अधिकारी-कर्मचारियों को पुन: प्रशिक्षण भी दिलाया जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अपर कलेक्टर इन व्यवस्थाओं का औचक निरीक्षण करेंगे, ताकि ई-गवर्नेंस को वास्तविक धरातल पर उतारा जा सके। उन्होंने कहा कि सभी विभाग सुनिश्चित करें कि योजनाओं से संबंधित डाटा पोर्टल पर समयसीमा में सटीक दर्ज किया जाए। यदि किसी अधिकारी द्वारा इसमें लापरवाही या उदासीनता बरती गई, तो उनके विरुद्ध कठोर कार्यवाही होगी।

सायबर तहसील में 10 दिवस से अधिक समय से लंबित 75 नामांतरण प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि संबंधित पटवारियों को नोटिस जारी किया जाए और उन्हें चार दिवस में प्रकरणों का निराकरण करने निर्देशित करें। त्यौहारों के दृष्टिगत उन्होंने अधिकारियों को जिले में फायर ब्रिगेड वाहनों को दुरुस्त रखे जाने और मिलावटखोरों पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत कमलेश कुमार भार्गव, अपर कलेक्टर अश्विनी कुमार रावत, समस्त एसडीएम, जनपद सीईओ, नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं तहसीलदार उपस्थित रहे।

### लापरवाही बरतने पर प्रावि माता का पुरा की हैडमास्टर निलंबित

**मुरैना, 13 अक्टूबर।** शासकीय प्राथमिक विद्यालय माता का पुरा के प्राथमिक शिक्षक को निलंबन से बहाली की सूचना न देने के कारण यह शासकीय कार्य में लापरवाही मानते हुए जिला शिक्षा अधिकारी एसके सक्सेना ने प्रभारी प्रधानाध्यापक श्रीमती वंदना कुशवाह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में श्रीमती कुशवाह मुख्यालय विकासखण्ड कैलारस रहेगा। इन्हें जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।



# अशोक शर्मा मप्र राज्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष चुने गए

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 13 अक्टूबर।** मप्र राज्य कर्मचारी संघ की जिला इकाई के निर्वाचन की प्रक्रिया का आयोजन 12 अक्टूबर को सुभाष नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में हुआ। जिसमें निर्वाचन अधिकारी के रूप में संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष सुभाष शर्मा उपस्थित थे। प्रक्रिया के दौरान सिंगल नामों के प्रस्ताव प्राप्त हुए। जिन पर सभी सदस्यों ने सहमति जताई। निर्वाचन अधिकारी ने नेत्र सहायक अशोक शर्मा को मप्र राज्य कर्मचारी संघ का जिलाध्यक्ष निर्वाचित किए जाने की घोषणा की।

इसी क्रम में घोषित कार्यकारिणी में रमाकांत शर्मा कैलारस, मुकेश सरल पहाड़गढ़, पवन मुदगल सबलगढ़, नीलम शर्मा मुरैना, त्रिलोकीनाथ सेन मुरैना, केपी वर्मा मुरैना, भगवती प्रसाद शर्मा अंबाह को उपाध्यक्ष चुना गया। भानु पचौरी को सचिव एवं चेतन बंसल, चेतन शर्मा, श्रीमती रेनू भदौरिया को सह सचिव, मधुसूदन शर्मा को कोषाध्यक्ष, वीरेन्द्र मथुरिया, अजय शर्मा को संगठन मंत्री, लाखन सिंह को कार्यालय मंत्री चुना गया है।